पेज थ्री
देहरादून

पत्रिका का विमोचन करते सीएम।

देहरादून, बृहस्पतिवार 23 जनवरी, 2020

पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा

**संवाददाता** देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्पूर्ण राष्ट्र में 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष 10वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ''सशक्त लोकतंत्र हेतु निर्वाचन साक्षरता'' है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को लोकतंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने हेतु जागरूक करना है। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी सी रविशंकर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोकतांत्रित मूल्यों भावनाओं से ओत–प्रोत प्रेरित लोकतंत्र एवं मतदाता सहभागिता विषयवस्तु पर आधारित डिबेट, मॉक पोल, चित्रकला एवं प्रश्न प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम 25 जनवरी एवं उससे पूर्व आयोजन किये जाने हेतु समस्त स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों को निर्देश दिये गये है।

### डीम्ड विवि में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। सिविल जज सी0डि0 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा डीम्ड यूनिवर्सिटी, क्लेमेन्टाउन देहरादून में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को नशा मुक्त देवभूमि अभियान के अन्तर्गत एन्टी ड्रग क्लीनिक एवं लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गयी, जिसमें बच्चों को नशे के कारण, नशे के प्रकार एवं इसके दुष्प्रभाव की जानकारी दी गयी।

### प्रधान पद के प्रत्याशी पर बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जे. पी. नड्डा के सर्वसम्मत निर्वाचन को लेकर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत व कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही इस आयोजन में पुलवामा में शहीद हुये उत्तराखण्ड के शहीद सैनिक को श्रद्धाजंलि दी गयी।

### शातिर वाहन चोर गिराह के तीन गुर्गे गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। थाना नेहरू कॉलोनी पुलिस तीन शातिर वाहन चोरों को दस दोपहिंया वाहन सहित गिरफ्तार कर कामयाबी हासिल की। वादी राजकुमार नें अज्ञात चोर के खिलाफ रिर्पोट दर्ज कराई गई थी वादी द्वारा बताया गया कि उनकी स्कूटी महिंद्वा शोरूम के पास से चोरी हो गई है जिस पर थाना प्रभारी दिलबर सिंह नेगी नें तत्काल अज्ञात चोर के खिलाफ अभियोग पजींकृत करते हुए अलग अलग टीमो का गठन कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# दून में जागरूकता सेफ्टी फर्स्ट कार्निवल आयोजित

**समझौता**

देहरादून और हरिद्वार जिले के 100 सरकारी विद्यालयों में चलाया जा रहा स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम

सीड्स ने हनीवेल सेफ स्कूल्स प्रोग्राम के लिए उत्तराखंड सरकार के साथ किया समझौता

**संवाददाता**

देहरादून। सीड्स ने दून और हरिद्वार में 100 सरकारी स्कूलों में एक अग्रणी स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम शुरू करने के लिए उत्तराखंड सरकार और हनीवेल इंडिया के साथ समझौता किया है। हनीवेल सेफ स्कूल्स प्रोग्राम को 2017 में पहली बार दिल्ली सरकार के 50 स्कूलों में शुरू किया गया था। यह प्रोग्राम प्रत्येक स्कूल या स्थान के अद्वितीय मुद्दों को संबोधित करने के लिए जरूरत के अनुसार दृष्टिकोण प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के तहत इंजीनियरों और वास्तुकारों द्वारा स्कूलों का संरचनात्मक मूल्यांकन किया जाता है, जोखिम धारणा का मूल्यांकन किया जाता है और किसी भी प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा की स्थिति में तैयारियों की जांच की जाती है।



लक्ष्मण विद्यालय इंटर कालेज में सीड्स द्वारा आयोजित सेफ्टी–फर्स्ट कार्निवल का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते सीएम।

उसके बाद, सीड्स के विशेषज्ञ बच्चों, स्कूलों और समुदायों के साथ मिलकर उन्हें आपदा–तैयारियों और जोखिम कम करने का प्रशिक्षण देते हैं। यह सब इंटरेक्टिव सत्र, मॉक ड्रिल, पीयर–टू–पीयर लर्निंग और खतरों को संरचनात्मक और गैर–संरचनात्मक रूप से कम करने के उपायों के माध्यम से किया जाता है।

दून में पथरीबाग स्थित लक्ष्मण विद्यालय इंटर कालेज में सीड्स द्वारा आयोजित सेफ्टी–फर्स्ट कार्निवल में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि ''बच्चे हमारे भविष्य के नागरिक हैं और उन्हें एक सुरक्षित सीखने का माहौल प्रदान करना हमारा विशेषाधिकार है। आपदा जोखिम में कमी लाने का यह कार्यक्रम हमारी राज्य सरकार द्वारा कॉरपोरेट्स और गैर–सरकारी संगठनों को स्कूलों को अपने स्वामित्व में लेने और वहां बुनियादी ढांचे और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करने के लिए हाल के आह्वान की तर्ज पर है।"हम जागरूकता की मदद से सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। यह बच्चों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है।

सीड्स के सह–संस्थापक डॉ. मनु गुप्ता ने कहा, "हम अपने कार्यक्रम को देहरादून और हरिद्वार लाने के लिए उत्तराखंड सरकार के साथ साझेदारी करके प्रसन्न हैं। हनीवेल सेफ स्कूल्स प्रोग्राम को जोखिम कम करने के लिए चाइल्ड– फर्स्ट के दृष्टिकोण पर बनाया गया है।

### सीएम ने किया 'म्यारू पहाड़ म्यारू परांण' पत्रिका का विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में पर्वतीय बन्धु समाज समिति, नवोदय नगर हरिद्वार की वार्षिक पत्रिका ''म्यारू पहाड़ म्यारू परांण'' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि इस पत्रिका में उत्तराखण्ड के भौगोलिक, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्वतीय अंचल की विशेषताओं को संजोने का अच्छा प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पत्रिका में उत्तराखण्ड के ऐसे स्थलों एवं मंदिरों के बारे में भी जानकारी दी जाय जिनका अपने आप में विशिष्ट महत्व है। इससे लोगों को उत्तराखण्ड के प्रमुख पर्यटक स्थलों एवं धार्मिक स्थलों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन के क्षेत्र में अनेक सम्भावनाएं हैं, हमें राज्य के ऐसे धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों की जानकारी लोगों को देनी होने जिनका पौराणिक एवं विशिष्ट महत्व है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि राज्य सरकार पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए निरन्तर प्रयासरत है। पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रोकने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। जो लोग पर्वतीय क्षेत्रों से शहरों की ओर आ गये हैं, उन्हें साल में एक या दो बार जरूर अपने पैतृक निवास पर जाना चाहिए। होम स्टे को राज्य सरकार द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों की आर्थिकी को संवारना है।

### डीएम व एसएसपी ने गणतंत्र दिवस के मुख्य आयोजन स्थल का किया निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को स्थानीय परेड ग्राउण्ड में मार्चपास्ट झांकियों के अलावा विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्थाओं को समयबद्धरूप सम्पन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी सी रविशंकर, पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अरूण मोहन जोशी ने स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों, उच्च पदस्थ अधिकारियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को ई–कार्ड के माध्यम से निमंत्रण भेजे गये। अभी तक प्रशासन द्वारा 658 महानुभावों को आमंत्रण भेजा गया है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आवश्यक इन्तजाम करने के निर्देश दिये।

# पहाड़ी शैली का होम स्टे 'बासा' शीघ्र ही पर्यटकों के लिए खुलेगा

**निर्णय**

■आगामी 25 जनवरी को स्थानीय महिला समूहों को सौंपेंगे मुख्यमंत्री

देहरादून। **संवाददाता**

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत ने अवगत कराया कि सूबे के जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत पर्यटन गांव खिर्सू में नवनिर्मित पहाड़ी शैली का होम स्टे 'बासा' शीघ्र ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जायेगा। जिला प्रशासन की पहल पर तैयार इस होम स्टे को सूबे के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिह रावत, आगामी 25 जनवरी को स्थानीय महिला समूहों को सौंपेंगे, जिसका संचालन ग्वाड़ गाँव खिर्सू की महिला समूहों द्वारा किया जायेगा।



पहाड़ी शैली का होम स्टे 'बासा'।

पहले से ही देश–विदेश के पर्यटकों के पसंद दीदा पर्यटक गांव खिर्सू में बना होम स्टे ''बासा'' अपने आप में पहाड़ी शैली का एक नायाब नमूना है, जिसका निर्माण जिलाधिकारी पौड़ी धीराज सिंह गर्ब्याल की पहल पर जिला योजना के तहत किया गया है।

होम स्टे का निर्माण पत्थरों की बेहतरीन कटिंग कर किया गया है जो कि बाहर से आने वाले पर्यटकों को स्वभाविक ही अपनी ओर आकर्षित करेगा। क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री डॉ0 रावत ने बताया कि होम स्टे का संचालन स्थानीय महिला समूहों द्वारा किया जायेगा, जिससे आस–पास के गांवों की महिलाओं का भी स्वरोजगार की ओर रूझान बढ़ेगा।

इसके अलावा ग्वाड़ गांव खिर्सू के अन्तर्गत महिला समूह के सदस्यों द्वारा प्रत्येक घर में एक कमरा होम स्टे योजना के अन्तर्गत तैयार किया जा रहा है। जो की घर बैठे स्वरोजगार का एक माध्याम है। विपण केन्द्र का संचालन सामुदायिक सहभागिता के आधार पर किया जायेगा।




### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**संवाददाता** देहरादून। अर्थ एवं संख्या निदेशालय, उत्तराखण्ड द्वारा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण 78वीं आवृत्ति की 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।